# समाहरणालय, पटना
## सामान्य शाखा


[illegible]
Email [illegible]


### –: बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड) के पदधारकों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची :–

बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड), पटना के निदेशक पर्षद् के गठन हेतु निर्वाचन की कार्रवाई सहकारिता निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या–CEA-12011/25/2024, दिनांक 20.09.2024, संशोधित निर्वाचन कार्यक्रम 18.11.2024 एवं दिनांक–13.01.2025 तथा समाहरणालय पटना के ज्ञापांक–112, दिनांक–13.01.2025 के आलोक में प्रकाशित कार्यक्रम के अधीन दिनांक–24.01.2025 को श्री कृष्ण स्मारक भवन, गाँधी मैदान, पटना में निर्वाचन सम्पन्न हुआ। निदेशक पद के लिए कुल 33 (तैंतीस) अभ्यर्थी ने चुनाव में भाग लिया। MSCS नियमावली 2002 (यथासंशोधित–2023) के नियम 19M के तहत् विहित प्रपत्र भरकर अनुमोदनार्थ सहकारिता निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजा गया। प्राधिकार से प्राप्त अनुमोदन के आलोक में ज्ञापांक–264 दिनांक–04.02.2025 द्वारा अभ्यर्थी निर्वाचित घोषित किये गये। निदेशक पर्षद् के निर्वाचित सदस्य पदधारक (अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) के निर्वाचन हेतु मतदाता होंगे। सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक–CEA-12011/25/2024, दिनांक–19.02.2025 एवं पत्रांक–CEA-12011/25/2024, दिनांक–21.02.2025 के अलोक में निदेशक पर्षद् मे सहकारिता विभाग, बिहार सरकार एवं निबंधक सहयोग समितियाँ, झारखण्ड द्वारा मनोनीत कुल–04 (चार) सदस्य भी बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड) के पदधारक (अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) के निर्वाचन में मतदाता घोषित किये गये।

सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या–3066 दिनांक–03.04.2025 एवं सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक–CEA-12011/25/2024, दिनांक–05.05.2025 के द्वारा पुनः स्पष्ट किया गया कि झारखण्ड सरकार के द्वारा बिस्कोमान में शेयर नहीं होने के कारण 17 निर्वाचित एवं बिहार सरकार द्वारा 03 मनोनीत सदस्य ही मतदान में भाग लेंगे। तद्नुसार बिस्कोमान के पदधारकों (अध्यक्ष/उपाध्यक्ष) के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची निम्नवत् है:–

#### निर्वाचित सदस्य

| क्र०सं० | निदेशक का नाम | पिता/पति का नाम | श्रेणी/वर्ग |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री जितेन्द्र कुमार, | स्व० अयोध्या प्रसाद, | समूह "A" सामान्य |
| 2 | श्री डा० सुनील कुमार सिंह, | श्री महाराणा प्रताप सिंह | समूह "A" सामान्य |
| 3 | श्री विशाल सिंह, | स्व० अजीत कुमार सिंह | समूह "A" सामान्य |
| 4 | श्री हीरा प्रसाद सिंह, | श्री योगेन्द्र नारायण सिंह | समूह "A" सामान्य |
| 5 | श्री महेश राय, | स्व० नगीना राय | समूह "A" सामान्य |
| 6 | श्री विनय कुमार, | स्व० उमेश कुमार वर्मा | समूह "A" सामान्य |
| 7 | श्री दिनेश सिंह, | स्व० धरीक्षण सिंह | समूह "A" सामान्य |
| 8 | श्री विनय कुमार शाही, | स्व० बच्चा प्रसाद शाही | समूह "A" सामान्य |
| 9 | श्री अभिजीत कुमार, | श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह | समूह "A" सामान्य |
| 10 | श्री राम कलेवर प्रसाद सिंह, | स्व० राम यतन सिंह | समूह "A" सामान्य |
| 11 | श्री पार्थ कुमार यादव, | स्व० रामजनम राय | समूह "A" सामान्य |
| 12 | श्री रमेश चन्द्र चौबे, | स्व० श्याम किशोर चौबे | समूह "A" सामान्य |
| 13 | श्रीमती बन्दना सिंह, | श्री डा० सुनील कुमार सिंह | समूह "A" महिला |
| 14 | श्रीमती शोभा सिंह, | श्री मनोज कुमार सिंह | समूह "A" महिला |
| 15 | श्री मनेश्वर पाहन, | स्व० एतवा पाहन | समूह "A" SC/ST |
| 16 | श्रीमती मधुप्रिया, | श्री सुधीर कुमार | समूह "B" |
| 17 | श्री शाहीन कलाम, | श्री मो० कलाम वारसी | समूह "B" |

#### मनोनीत सदस्य

| क्र०सं० | मनोनीत सदस्य का नाम | पिता का नाम | पता |
|---|---|---|---|
| 18 | श्री राकेश कुमार, | श्री मुरारी प्रसाद | सिंधी समाज भवन के पास, नवरतन हाता, पूर्णिया, बिहार, 854301 |
| 19 | श्री मनोज कुमार सिंह, | श्री मदन सिंह | ग्राम–प्रतापपुर, सिवान, बिहार, पिनकोड–841226 |

# समाहरणालय, पटना
## सामान्य शाखा

फोन नं० : 0612–2219545 (का०)
फैक्स नं० : 2218900
Email : elcpatnageneralelection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | श्री दीपक कुमार, | श्री गंगा प्रसाद | बेली रोड, खजपुरा, बी.भी. कॉलेज, मुंदर साह कोल्ड स्टोरेज, रूकनपुरा, पटना, बिहार, 800014 |

बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड) के पदधारक (अध्यक्ष / उपाध्यक्ष) के पद पर निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी, प्रस्तावक एवं समर्थक निर्वाचित सदस्यों में से ही होंगे।

पदधारको का निर्वाचन कार्यक्रम सहकारी निर्वाचन प्राधिकार द्वारा दिनांक–08.05.2025 एवं 09.05.2025 को निर्धारित की गयी है।

दिनांक–09.05.2025 को मतदान पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। 11:00 बजे तक सभी मतदाताओं को निर्धारित मतदान कक्ष पर पहुँचना अनिवार्य होगा। 11:30 बजे पूर्वाह्न के बाद मतदान कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। निर्वाचित मतदाता मूल प्रमाण पत्र / अन्य वैध प्रमाण पत्र जिससे उनकी मतदाता संबंधी पहचान सम्पुष्ट हो एवं एक फोटो पहचान पत्र के साथ आयेंगे। मनोनीत मतदाता मनोनयन संबंधी निर्गत आदेश एवं एक फोटो पहचान पत्र के साथ उपस्थित होंगे।

मतदाताओं द्वारा इच्छुक उम्मीदवार के नाम के समक्ष केवल क्रॉस (x) का चिन्ह अंकित कर मतदान किया जायेगा। अन्य चिन्ह अंकित किये जाने पर मतपत्र रद्द कर दिया जायेगा। एक से अधिक उम्मीदवार के सामने क्रॉस (x) चिन्ह लगाने पर भी मतपत्र रद्द कर दिया जायेगा।

ह० / –
जिला पदाधिकारी, पटना
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड)।

ज्ञापांक 1203 दिनांक– 06.05.25

प्रतिलिपि :– बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड), के पदधारकों के निर्वाचन हेतु मतदाताओं को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि मतदाता सूची को बिस्कोमान के अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे, एवं सभी 20 (बीस) मतदाताओं (17–नवनिर्वाचित निदेशकों एवं बिहार के 03–मनोनीत सदस्यों) को अपने स्तर से सूचित कर दें।

प्रतिलिपि :– अध्यक्ष, सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला पदाधिकारी, पटना
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड)।